### किसानों को आपस में लड़ा रहा है सेटेलाईट सीमांकन

# खामलिया नरेला के किसानों ने बंटवारा राजस्व नक्शों में गड़बड़ी कराने के लगाए आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** खामलिया नरेला के किसानों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे किसानों का नेतृत्व करणी युवा सेना के जिलाध्यक्ष किसान कुलदीप सिंह राजपूत ने किया।

तहसीलदार अमित सिंह को दिए ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को आपस में सेटेलाईट सीमांकन लड़ा रहा है। किसानों की जमीनों को अदला बदला जा रही है। राजस्व रिकार्ड और पूराने जमीनों के नक् शों में फेर बदल किया जा रहा है। खसरा नम्बरों में अदला बदली कर किसानों की कीमती जमीनों को हड़पने की साजिश की जा रही है। गांवों में खतरनाक विवाद, तनाव एवं सामाजिक अशांति की स्थिति बन रही है। किसान कुलदीप सिंह



राजपूत ने बंटवारा राजस्व नक्शों में गड़बड़ी कराने के आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में भूमि नक्शा एवं राजस्व रिकॉर्ड मौके की बास्तविक स्थिति से अत्यधिक भित्र त्रुटिपूर्ण है। गांव की अधिकांश भूमि का रिकॉर्ड मौके पर मेल नहीं खाता है। पूर्व में गांव के आसपास स्थायी सीमा चिन्ह बांदा/मिनारा एवं जरीब के माध्यम से बनाए गए थे। किन्तु अब सेटेलाईट के नक्शा शीट पुराने मैनुअल नक्शों से मेल नहीं खा रही है। जिसके कारण अधिकतर किसागों की भूमि एक-दूसरे के खेतों में दर्शाई जा रही है। जिसके कारण ग्राम में लगातार विवाद, तनाव एवं सामाजिक अशांति की स्थिति वनी हुई है। किसानों की मांग है कि ग्राम खामलिया एवं नरेला में चल रही गलत एवं विवादित व्यक्तिगत भूमि नपती पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। पुराने मैनुअल नक्शों एवं वर्तमान नक्शा शीट का तकनीकी मिलान कराया जाए। स्थायी सीमा चिन्हों पुराने चिन्ह मिनारा चांदा के आधार पर पुन: निष्पक्ष सर्व्रे एवं बंदोबस्त कराया जाए। जो व्यक्ति वर्षो से जिस भूमि पर काबिज रहता है अथवा खेती कर रहा है, उसकी वास्तविक कब्जा स्थिति को आधार मानकर नियमानुसार स्थायी समाधान किया जाए।

राजस्व अधिकारियों एवं पटवारी को रिकॉर्ड सत्यापन किया जाए, उसके पश्चात ही सीमांकन की कार्यवाही की जाए। जिन परिवारों के पास आज तक आवासीय पट्टा नहीं है जो वर्षों से गांव में निवासरत हैं, उन्हें नियमानुसार आवासीय पट्टे प्रदान किए जाएं। ग्राम में बढ़ते भूमि विवादों के स्थायी निराकरण किया जाए।

## चंदेरी में तकनीकी खराबी से ठप हुई पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा

**चंदेरी।** प्रदेश की महत्वाकांक्षी पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा तकनीकी बाधा के कारण अस्थायी रूप से प्रभावित हो गई है। भोपाल-चंदेरी-ओरछा पर्यटन सर्किट पर संचालित फ्लाई ओला कंपनी का हेलीकॉप्टर पिछले चार दिनों से चंदेरी हेलीपैड पर खड़ा है। तकनीकी खराबी आने के बाद सेवा बाधित हो गई है, जिससे निर्धारित उड़ानों और पर्यटकों की यात्रा योजनाओं पर असर पड़ा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर शनिवार को एक परीक्षण उड़ान के दौरान चंदेरी पहुंचा था। वापसी से पहले तकनीकी समस्या सामने आने पर पायलट ने सुरक्षा कारणों से उड़ान भरने से इंकार कर दिया। इसके बाद कंपनी के इंजीनियर भोपाल से चंदेरी पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू किया, लेकिन मंगलवार शाम तक समस्या पूरी तरह दूर नहीं हो सकी। इस संबंध में चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर ने बताया कि हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आई है।

# डीजल संकट पर प्रशासन सख्त, किसानों की आपूर्ति प्रभावित होने पर होगी कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील क्षेत्र में डीजल की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा ने मंगलवार को सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं प्रबंधकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसून और कृषि कार्यों के इस महत्वपूर्ण समय में किसानों को डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

एसडीएम ने कहा कि किसी भी किसान या आम नागरिक को डीजल के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। पेट्रोलियम कंपनियों के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए तथा कालाबाजारी, अवैध भंडारण या अनियमित बिक्री की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए कि एक ही व्यक्ति को अत्यधिक मात्रा में डीजल बेचकर कृत्रिम संकट की स्थिति उत्पन्न न



होने दें। साथ ही बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, रेत उत्खनन में लगी मशीनों एवं निजी जेसीबी संचालकों को बिना वैध आवश्यकता के भारी मात्रा में डीजल की बिक्री पर नियंत्रण रखने को कहा गया। एसडीएम ने सभी पंप संचालकों को स्टॉक एवं बिक्री का रिकॉर्ड पूरी पारदर्शिता के साथ संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध डीजल का अधिकतम लाभ किसानों और आवश्यक उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए। नियमों की अनदेखी करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्थान के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और पत्थर

**भैरुंदा।** क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ी में खेत की मेड तोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों और पत्थरों से जमकर मारपीट हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में घायलों के सिर, छाती, कमर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं।

# जनसुनवाई में 297 में से 168 आवेदनों का मौके पर ही हुआ निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा आयोजित जनसुनवाई में 297 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 168 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जनसुनवाई में राजस्व, सामाजिक न्याय, बिजली, पेयजल, पेंशन, भूमि विवाद, आवास, आर्थिक सहायता, सीमांकन, कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने सहित अन्य जनहित से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वयं प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और आवेदन का समयबद्ध निराकरण का भरोसा दिलाते हुए समस्याओं के निराकरण की पहल की। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर



आवेदनो के निराकरण संबंध में निर्देश दिए।

जनसुनवाई में विदिशा नगरीय क्षेत्र के करैयाखेड़ा रोड निवासी सुरेंद्र परिहार, निरपत सिंह, गुलाबगंज तहसील निवासी राहुल अहिरवार, ग्राम चक्क पाटनी की देवकी बाई पंथी, ग्राम उनारसी ताल के सुरेश कुमार, ग्राम आदमपुर के सैयद सोलत उल्लाह के आवेदनों पर कार्यवाही हुई।

विदिशा की एक कॉलोनी के रहवासियों ने सड़क निर्माण संबंधी समस्या से अवगत कराया। वहीं, ग्राम पंचायत छिपनी के दौलत सिंह ने जमीन की किताब बनवाने संबंधी, नटेरन तहसील के ग्राम जामुनपुर के तखत सिंह ने सीमांकन संबंधी, विदिशा नगरी क्षेत्र के वार्ड 20 लोहांगी मोहल्ला निवासी आवेदक ने गरीब देखा का राशन कार्ड पुन: शुरू कराने, श्री ज्ञान सिंह आदिवासी ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने और श्री आकाश विश्वकर्मा ने समग्र आईडी में उपनाम में त्रुटि सुधार कार्य करने संबंधी आवेदन दिया।

### नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग एवं भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग को लेकर नारेबाजी की। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, मध्यप्रदेश कांग्रेस के महासचिव विकास शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, सुनील पिंगले, सत्यप्रकाश सेन, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन दुबे, बहादुर सिंह दांगी, राजकुमार सेन, अमित दुबे, जगदीश सुहाने, बीडी शर्मा, पार्षद राहुल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों का सर्वांगीण विकास करना ही शिक्षा का अंतिम ध्येय है : सिसोदिया

### छात्रों में सार्थक संस्कारों का सृजन करना वर्तमान समय की आवश्यकता हैः गेहलोत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** एकीकृत शाबाउमावि पिपलिया स्टेशन में शिक्षण सत्र 2026 27 के लिए प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम नगर परिषद के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष भारत सिंह सोनगरा के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य बी.आर. सिसोदिया की अध्यक्षता तथा प्रबुद्ध शिक्षाविद भगवती प्रसाद गेहलोत के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शाहेना परवीन खान, अभिभावक अर्जुन सिंह, जन शिक्षक सत्यनारायण मंत्री, संकुल समन्वयक दीनदयाल सिंह शक्तावत, विद्यालय परिवार के श्री निर्मल कुमार सुनार्थी, गोपाल कच्छावा, अंजुम शाह, पूनम परमार, रीना वर्मा, जय कुमारी जैन, सीमा बड़वाल, नीरज सोनी, जगदीश गुजरिया, एनके वर्मा, पीएल चौहान, मीनाक्षी मोड़, सोहराब खान पठान, राजेंद्र दायमा, रमेश चंद जाटव, प्रकाश प्रजापति, प्रदीप हिंदल, मोहम्मद हुसैन मंसूरी, जगदीश मेघवाल, सुमित्रा व्यास की उपस्थिति में शाला में



सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता वाली सावित्रीबाई फूले के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया ।

नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर पुष्प मालाए पहनाई गई और पाठ्य पुस्तक तथा स्टेशनरी का वितरण कर प्रवेशोत्सव मनाया गया बाद में छात्रों को अल्पाहार एवं मध्यान भोजन करवाया गया, । नवप्रवेशित छात्रों का अतिथियों व शिक्षकों ने पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया व पुस्तक वितरण किया ।

इस अवसर पर श्री सोनगरा ने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चे देश दुनिया में अपना हुनर दिखा रहे हैं ।छात्र नियमित शाला में आएं व अच्छी पढ़ाई करें ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें।श्री गेहलोत ने कहा कि शाला में प्रवेशोत्सव यानि ज्ञान के मंदिर में दीप जलाना है,आज से आप पुस्तक -कापी कलम के प्रति प्रतिबद्ध होकर अपना भविष्य गढ़ने की शुरुआत करेंगे। प्राचार्य श्री सिसोदिया ने कहा कि शाला के सभी शिक्षक गण आपके मार्गदर्शन के लिए तत्पर है। सभी छात्र नियमित रूप से शाला में आएं और समय पर अपना शैक्षणिक कार्य पूरा करते रहें।

नियमितता से ही अपने लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है और शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का अंतिम ध्येय है। इसके साथ उन्होंने कई सफल महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत उदाहरण किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री निर्मल कुमार सुनार्थी ने किया व अंत में श्री नीरज सोनी ने सबका आभार व्यक्त किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में क्षिप्रासुकल्या निवासी राधेश्याम ने वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं देवास निवासी देवबाई ने बिजली बिल की राशि कम कराने तथा बावड़ीखेड़ा निवासी नर्मदाप्रसाद ने फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की। इसी प्रकार इकलेरा माताजी निवासी रामेश्वर पाटीदार ने सहकारी संस्था से लिए गए ऋण की माफी के संबंध में आवेदन दिया।

कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों और आवेदनों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि सीमांकन, बिजली बिल में सुधार, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, नामांतरण, बंटवारा, रास्तों से अतिक्रमण हटाने तथा नालियों की साफ-सफाई सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

# विदिशा में सम्मानित हुए सीहोर के समाज सेवी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर :** गत दिवस विदिशा सेन समाज और श्री दुर्गा प्रसाद सेन स्मृति न्यास समिति द्वारा रविन्द्र नाथ टैगोर/ आडियोटोरियम/ सांस्कृतिक सभागार विदिशा में प्रतिभा सम्मान ओर वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान समारोह अखिल भारतीय सेन भक्ति पीठ पुष्कर राजस्थान मुख्यालय रांई का बाग जोधपुर के मुख्य आतिथ्य में हरियाणा केश शिल्पी वोडं के अध्यक्ष केबीनेटमंत्री दर्जा यशपाल सिंह ठाकुर के विशेष आतिथ्य कमलेश सेन समाज सेवी कीअधयक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें दोसो उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं सहित इक्यावन समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अबसर पर मुख्य अतिथि सेनाचायं द्वारा शाल-श्रीफल ओर अभिनंदन पत्र सोंपकर सम्मानित किया अतिथियों द्वारा रामगोपाल सेन प्रांताध्यक्ष शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ सीहोर द्वारा समाज हित में किए जा रहे कायों की प्रसंशा कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की श्रीराम गोपाल सेन ने कायकृम आयोजकों का सम्मान हेतु आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय, अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर (Master of Architecture) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा (PGETA) के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश**

**(शासकीय, शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त-सम विश्वविद्यालय (डीम्ड विश्वविद्यालय), स्वशासी एवं स्ववित्तीय-विश्वविद्यालयीन एवं निजी क्षेत्र की संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण — प्रवेश परीक्षा के वैध स्कोर (Valid Score Entrance Exam) के आधार पर** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 17.06.2026 से 28.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 29.06.2026 से 30.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 18.06.2026 से 02.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 03.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 08.07.2026 से 13.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 12.07.2026 से 17.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 18.07.2026 से 19.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 13.07.2026 से 21.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 22.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 27.07.2026 से 31.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर (Master of Architecture) पाठ्यक्रम में पीजीईटीए (PGETA) प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्कः-0755-6720205, 2660441 ई-मेलः- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/126406/2026



## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**एम.बी.ए. (MBA) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा (CMAT-2026)/अर्हकारी परीक्षा एवं एम.सी.ए. (MCA) पाठ्यक्रम में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

**(शासकीय, शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त-सम विश्वविद्यालय (डीम्ड विश्वविद्यालय), स्वशासी एवं स्ववित्तीय-विश्वविद्यालयीन एवं निजी क्षेत्र की संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 19.06.2026 से 01.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 02.07.2026 से 03.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| **संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना** (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 22.06.2026 से 05.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | **06.07.2026** |
| **आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति** (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 10.07.2026 से 15.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **एम.बी.ए. (MBA) पाठ्यक्रम में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन दिनांक 19 जून 2026 से 19 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेंगे, शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी।** | |
| **द्वितीय चरण** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त** | **12.07.2026 से 19.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक** |
| **रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)** (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2026 से 21.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| **संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना** (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 15.07.2026 से 23.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | **24.07.2026** |
| **आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति** (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 28.07.2026 से 01.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रथम चरण में एम.बी.ए. (MBA) पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा (CMAT-2026) के आधार पर आवंटन किया जावेगा, प्रथम चरण के उपरान्त एम.बी.ए. (MBA) पाठ्यक्रम में प्रथमतः प्रवेश परीक्षा प्रवेश परीक्षा (CMAT-2026) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन किया जावेगा।
- एम.सी.ए. (MCA) पाठ्यक्रम में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन किया जावेगा।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में **प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक** उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

म.प्र. माध्यम/126403/2026